पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>8 अप्रैल, 2021</u>

'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में पुर्णिया में भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के अंतर्गत 2x10 एमवीए जीआईएस सबस्टेशन का उदघाटन किया गया

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन आईपीडीएस योजना के अंतर्गत निष्पादित परियोजना के लिए नोडल एजेंसी है

पुर्णिया, अप्रैल 8 2021: भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के अंतर्गत पूर्णिया, बिहार में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 2x10 एमवीए जीआईएस सबस्टेशन का उद्घाटन किया गया। 2x10 एमवीए जीआईएस सबस्टेशन उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) द्वारा चालू किया गया था।

उद्घाटन समारोह भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह का एक भाग है।

उद्घाटन समारोह में उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने भाग लिया।

पूर्णिया के लिए 2x10 एमवीए जीआईएस सबस्टेशन 2018 में आईपीडीएस योजना के तहत ₹8.99 करोड़ की स्वीकृत लागत के साथ भारत सरकार से ₹5.40 करोड़ के अनुदान के साथ संस्वीकृत किया गया था। जीआईएस सबस्टेशन को मौजूदा कोविड की स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों पर काबू पाने के लिए 6 अप्रैल, 2021 को पूर्ण घोषित किया गया था।

जीआईएस सबस्टेशन से पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 3.26 लाख लोगों को लाभ होगा। यह भूमि की आवश्यकता को और कम करेगा और परिचालन और रखरखाव लागत को कम करेगा और उपस्थित कार्मिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण भी प्रदान करेगा।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)

पंजीकृत कार्यालय : "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● CIN : L65910DL1986GOI024862